[This question paper contains 03 printed pages]

Roll Number: _______________

HPAS (Main) Examination-2018

HINDI LITERATURE-II

Time: 3 Hours | Maximum Marks: 100

निर्धारित समय : तीन घंटे | अधिकतम अंक: 100

Note:

1. This question paper contains eight questions. Attempt total five questions including question No.1 which is compulsory.
2. Each question carries equal marks. Marks are divided and indicated against each part of the question.
3. Write legibly. Each part of the question must be answered in sequence in the same continuation. Answers should be to the point.
4. If questions are attempted in excess of the prescribed number only questions attempted first up to the prescribed number shall be valued and the remaining answers will be ignored.

ध्यान दें :

1. इस प्रश्न पत्र में आठ प्रश्न हैं। प्रश्न संख्या 1 (जो अनिवार्य है) सहित कुल पांच प्रश्नों के उत्तर लिखिए।
2. प्रत्येक प्रश्न के समान अंक हैं। अंको को प्रश्न के प्रत्येक भाग के विरुद्ध विभाजित और इंगित किया गया है।
3. स्पष्ट रूप से लिखें। प्रश्न के प्रत्येक भाग को उसी क्रम में क्रम से उत्तर दिया जाना चाहिए। उत्तर प्रासंगिक होना चाहिए।
4. यदि प्रश्नों को निर्धारित संख्या से अधिक करने का प्रयास किया जाता है, तो केवल निर्धारित संख्या तक पहले किए गए प्रश्नों का मूल्यांकन किया जाएगा और शेष उत्तरों को नजरअंदाज किया जाएगा।

1. निम्नलिखित अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए: (10x02=20)

(i) जायो कुल मंगन बधावनौ बजायो सुनि,
भयो परिताप पाप जननी जनक कौ .
बारे में ललात बिललात द्वार द्वार दीन,
जानत हौं चारि फल चारि ही चनक कौ .
तुलसी सो साहिब समर्थ को सुसेवक है,
सुनत सिहत सोच बिधि हू गनक को .

अथवा

अब अभिव्यक्ति के सारे खतरे
उठाने ही होंगे
तोड़ने होंगे ही मठ और गढ़ सब
पहुंचना होगा दुर्गम पहाड़ों के उस पार

(ii) टके के वास्ते धर्म और प्रतिष्ठा दोनों बेचें, टके के वास्ते झूठी गवाही दें . टके के वास्ते पाप को पुण्य मानें, टके के वास्ते नीच को भी पितामह बनावें . वेद - धर्म, कुल - मरजादा, सचाई - बड़ाई सब टके सेर .

अथवा

कुत्ते की देह से जाने कैसी दुर्गन्ध आ रही थी, पर वह उसे अपनी गोद से चिपटाये हुए ऐसे सुख का अनुभव कर रहा था, जो इधर महीनों से उसे न मिला था . जबरा शायद यह समझ रहा था कि स्वर्ग यहीं है, और हल्कू की पवित्र आत्मा में तो उस कुत्ते के प्रति घृणा की गंध तक न थी .

2. कबीर वाणी के डिक्टेटर हैं, इस कथन पर विचार कीजिए। (20)

3. सूर के 'भ्रमरगीत सार' के परिप्रेक्ष्य में निर्गुण - सगुण विवाद पर प्रकाश डालिए। (20)

4. 'अयोध्याकाण्ड' 'रामचरितमानस' का हृदय स्थल है' इस कथन की विवेचना कीजिए। (20)

5. 'चन्द्रगुप्त' नाटक में नायक कौन है? युक्तियुक्त उत्तर दीजिए। (20)

6. ‘गोदान’ उपन्यास दो पीढ़ियों के टक्कर की गाथा है, इस कथन पर टिप्पणी कीजिए। (20)

7. ‘शेखर: एक जीवनी’ क्या एक मनोवैज्ञानिक उपन्यास है? तर्क सहित स्पष्ट कीजिए। (20)

8. ‘राम की शक्ति पूजा’ में राम का अंकन पूरी तरह से मानवीय धरातल पर हुआ है, इस कथन की समीक्षा कीजिए। (20)